reasons therefor and the action taken thereon ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) to (e) The information is being collected and will be placed on the Table of the House.

डाक और तार कार्यालय तथा दूरभाष केन्द्र

1907. **श्री गोपालसिंह जी० सोलंकी** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बड़ोदरा, सूरत, भरूच और पंचमहल जिलों में इस समय डाक और तार कार्यालयों तथा टेलीफोन एक्सचेंजों की कुल संख्या कितनी-कितनी है;

(ख) क्या इन जिलों में डाक और तार कार्यालयों की वर्तमान संख्या जनसंख्या के अनुपात में नहीं हैं; और

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान इनकी संख्या बढ़ाने हेतु सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) बडोदरा, सुरत, भरूच, और पंचमहल जिलों में इस समय डाकघरों तथा टेलीफोन एक्सचेंजों की कुल संख्या संलग्न विवरण I में दी गई है **(नीचे देखिए)**।

(ख) और (ग)

डाकघर :

जी, नहीं। ऊपर उल्लिखित जिलों में अक डाकघर, 5,527 की अखिल भारतीय औसत की तुलना में औसतन 4,632 व्यक्तियों को सेवा प्रदान करता है। इन जिलों में पिछले तीन वर्षों के दौरान 63 डाकघर खोले गए थे। इनका ब्यौरा संलग्न विवरण II में दिया गया है **(नीचे देखिए)**।

तार घर :

तारघर मांग, आवश्यकता और व्यवहार्यता के आधार पर खोले जाते हैं न कि जनसंख्या के आधार पर।

विवरण

बडोदरा, सूरत, भरूच और पंचमहल जिलों में इस समय डाकघरों और तारघरों तथा टेलीफोन एक्सचेंजों की कुल संख्या

क्र० सं०	जिले का नाम	डाकघरों की कुल संख्या	तारघरों की कुल संख्या	टेलीफोन एक्सचेंजों की कुल संख्या
1.	बडोदरा	673	84	59
2.	सूरत	635	106	59
3.	भरूच	498	93	49
4.	पंचमहल	533	123	60

विवरण II

पिछले तीन वर्षों के दौरान खोले गये डाकघरों का ब्यौरा

क्र० सं०	जिले का नाम	1991-92		1992-93		1993-94	
		शाखा डाकघर	विभागीय उपडाकघर	शाखा डाकघर	विभागीय उपडाकघर	शाखा डाकघर	विभागीय उपडाकघर
1.	बडोदरा	7	1	11	—	2	—
2.	सूरत	11	—	4	1	—	—
3.	भरूच	3	1	5	—	2	—
4.	पंचमहल	5	—	9	—	2	—
	योग :	25	2	29	1	6	—